## खबर संक्षेप

### आज शहडोल प्रवास पर रहेंगे राज्यपाल



शहडोल। राज्यपाल मंगूभाई पटेल 25 फरवरी को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान माननीय राज्यपाल जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माननीय राज्यपाल 25 फरवरी 2025 को प्रातः 9 बजे कार द्वारा स्टेट हैंगर से प्रातः 9:10 बजे एयरपोर्ट भोपाल पहुंचेगे, प्रातः 9:15 बजे एयरपोर्ट भोपाल से हैलीकैप्टर द्वारा शहडोल जिले के जमुई हैलीपेड के लिए प्रस्थान कर, प्रातः 11:05 बजे जमुई हैलीपेड पहुंचेगे, प्रातः 11:10 बजे कार द्वारा शहडोल के पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान कर 11:20 बजे पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय पहुंचेगे तथा प्रातः 11:20 से 11:30 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। राज्यपाल मंगूभाई पटेल 25 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के दीक्षांत समारोह में सहभागिता निभाएंगे। राज्यपाल मंगूभाई पटेल दोपहर 1 बजे कार द्वारा ग्राम धुरवार के लिए प्रस्थान कर दोपहर 1:15 बजे धुरवार पहुंचेगे, दोपहर 1:15 बजे से 2:15 बजे तक ग्राम धुरवार का दौरा, पीएम जनमन आवास और लाभार्थियों के साथ चर्चा एवं लाभार्थी के घर पर दोपहर का भोजन करेंगे। राज्यपाल मंगूभाई पटेल दोपहर 2:15 बजे जमुई हैलीपेड के लिए प्रस्थान कर दोपहर 2:30 बजे जमुई हैलीपेड पहुंचेगे तथा जिला छतरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अधिकारी स्वयं करें शिकायतकर्ता से बातः कलेक्टर समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें तथा समयावधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से बात करें, शिकायतों को समझें तथा संतुष्टिपूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में शिकायतों का निम्नगुणवत्ता के साथ निराकरण न हो। बैठक में कलेक्टर ने 25 फरवरी 2025 को प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के प्रवास के दौरान जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी ली तथा कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग,जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### फसलवार कृषि परामर्श जारी

डिंडौरी। कृषि विभाग डिंडौरी द्वारा रबी/बंसत के फसलों के लिए फरवरी माह हेतु फसलवार कृषि परामर्श जारी किया गया है। जारी परामर्श के अनुसार गेहू की फसल में दूध अवस्था व दाना भरने की अवस्था में सिंचाई करने, गेहू में गेरूआ रोग दिखने पर मेन्कोजब 2.5 ग्रा./ ली. पानी या प्रोपिकोनाजोल 1 मि.ली./ ली. पानी में मिलाकर छिड़काव करने कहा गया है।

### अध्यक्ष को खबर नहीं, इधर लग गये मुर्दाबाद के नारे, अमिता चपरा तेरी तानाशाही, नहीं चलेगी-नहीं चलेगी

# होलिका दहन, जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा पर भाजपा अध्यक्ष ने लगाया ग्रहण

### कलेक्टर परिसर में लगे भाजपा जिलाध्यक्ष मुर्दाबाद के नारे

सोमवार की दोपहर कलेक्टेट परिसर में दर्जन भर महिलाओं व पुरुषों ने पौराणिक बावड़ी पर मिट्टी डालकर बेजा कब्जा करने का आरोप भाजपा जिलाध्यक्ष के परिवार पर लगाया और मुर्दाबाद के नारे लगाकर तानाशाह बता दिया, इधर अध्यक्ष और उनके पति ने दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती का दावा कर खुद को इस पूरे मामले से बेखबर बताया।



शहडोल

बीते माह लंबे इंतजार के बाद श्रीमती अमिता चपरा को शहडोल की पहली महिला जिलाध्यक्ष बनाकर यहां की जिम्मेदारी दी थी, नियुक्ति के 39 वें दिन ही कलेक्ट्रेट परिसर महिलाओं व पुरूषों के नारों से गूंजा। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा की महिला जिलाध्यक्ष और उनके परिवार पर आरोप लगाया गया कि पौराणिक बावड़ी को स्थगन के बाद भी जेसीबी व अन्य वाहन लगाकर कब्जे की नीयत से पाट रहे हैं। ज्ञापन में अमिता चपरा के पति अरूण चपरा पर भी गंभीर आरोप लगाये गये और कार्यवाही की मांग की गई। दूसरी तरफ इस मामले में अमिता चपरा ने बताया कि उनके पति अरूण चपरा का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, जिस वजह से दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती हैं, शहडोल में किसने बावड़ी को पाटा और आरोप क्यों लग रहे हैं, इससे वह खुद अंजान हैं।

#### यह लग रहे हैं आरोप

कलेक्ट्रेट परिसर में दर्जन भर महिलाओं व पुरूषों ने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि पौराणिक बावड़ी जो आस्था का प्रतीक है, उस करोड़ों की शासकीय भूमि पर जबरन तार फिनिंसिंग लगाकर भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा और उनके परिवार के द्वारा बेजा कब्जा किया जा रहा है। प्रार्थीगण स्थानीय वार्ड नं. 25/32 किरण टॉकीज शहडोल के पास के निवासी हैं। किरन टॉकीज के पास एक पौराणिक बावली है। उक्त बावली को पिछले 2-3 वर्षों से चपरा परिवार द्वारा मलवा डालकर पाटा जा रहा है, जिसके संबंध में पूर्व में शिकायत की गई थी, 24 दिसम्बर 2021 को तत्कालीन एसडीएम द्वारा जांच उपरांत स्थगन आदेश जारी किया गया था तथा सौरभ चपरा एवं विकास चपरा को नोटिस भी जारी किया गया था, उसके बाद उक्त चपरा परिवार के लोगों द्वारा चोरी-छिपे उक्त बावड़ी को पाटने का कार्य किया जा रहा था। 20 फरवरी की शाम से पुनः जेसीबी डम्पर, मजदूर इत्यादि लगाकर उक्त पौराणिक बावड़ी में काफी मात्रा में एकत्रित मलवा को पाट दिया गया तथा अभी भी कार्य चालू है।

#### सडक़ पर सनातनी भावनाएं

कलेक्टर को शिकायत करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि चपरा परिवार द्वारा राजस्व अधिकारियों को अपने प्रभाव में लेकर शासकीय नजूल भूमि जो कि खसरा नंबर 72 का जुज भाग लगभग 15 डिस्मिल भूमि है, उस पर कब्जा किया जा रहा है, जबकि उक्त आराजी पर स्थानीय निवासी लोग होलिका दहन, जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा झांकी विगत 77-78 वर्ष (वर्ष 1947) से लगातार स्थापित करते चले आ रहे हैं। उक्त शासकीय नजूल आराजी को भी तार फिनिसिंग से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उक्त भूमि को अपर आयुक्त शहडोल द्वारा मामला क्रमांक 23/निगरानी/ 13-14 आदेश दिनांक 28 फरवरी 2014 द्वारा म.प्र. शासन नजूल भूमि दर्ज करने का आदेश दिया गया है, किन्तु उक्त आराजी आज दिनांक तक चपरा परिवार के नाम से दर्ज अभिलेख चली आ रही है। कब्जा होने की स्थिति में होलिका दहन, जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा जैसे हिन्दू धार्मिक त्यौहार यहां मनाने बंद हो जायेंगे। चपरा परिवार का यह कृत्य सनातनी भावनाओं को सडक़ पर ला रहा है, जिसे रोकने के लिए पूरा वार्ड प्रदेश सरकार से मांग कर रहा है।

#### मामले से बेखबर जिलाध्यक्ष

भाजपा की जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा और उनके पति अरूण चपरा ने इस पूरे मामले से अंजान और बेखबर बताया, श्रीमती चपरा ने कहा कि कौन, कहां, क्या कर रहा है, इसकी जानकारी नहीं है, पति की तबियत ठीक न होने पर दिल्ली में उनका इलाज करवाने शहडोल से सप्ताह भर पहले ही निकल आई थी, जबकि वार्डवासियों का कहना है कि यह सब सोची समझी रणनीति है। खुद बाहर जाकर अपने कुर्सी और सत्ता का दुरूपयोग इस तरह से किया जा रहा है कि खुद भी बचे रहे हैं और काम भी हो जाये, पूर्व में खुद अरूण चपरा इस मामले में सबसे आगे थे और पूरा व्यूह रचकर दिल्ली जा बैठे हैं, वहीं से पूरी रणनीति खेली जा रही है, हालाकि मामले की शिकायत कलेक्टर को दे दी गई है। नागरिकों ने मोर्चा खोला है और किसी भी स्थिति में धार्मिक आस्थाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों को न छोडऩे की बातें कही गई हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशेष शिविर का हुआ आयोजन



शहडोल। शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का आयोजन 17 फरवरी से 23 फरवरी तक ग्राम कौआसरई में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के ऊर्जावान प्राचार्य डॉ.धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी संरक्षक-अध्यक्ष, मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य रामप्रसाद पयासी, विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच ,सचिव एवं समस्त ग्राम जन उपस्थित हुए साथ महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक अधिकारी-कर्मचारी प्राचार्य द्वारा दिए दायित्व अनुसार अलग-अलग दिन में उपस्थित हुए। जिसमें जन जागरुकता कार्यक्रम जैसे मदिरा निषेध, नारी शिक्षा, स्वच्छता जन जागृति रैली, गौसेवा एवं गौपालन, जैविक खेती आदि विषयों पर अलग-अलग दिवस में थीम पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। 22 फरवरी को विशेष आयोजन में सांसद, विधायक एवं समस्त अधिकारी गौसेवा कार्यक्रम में उपस्थिति रहे, जिसमें महाविद्यालय के रासेयो के स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़ कर सहभागिता दी, डॉ.धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा उपस्थित जनों को स्वास्थ्य से संबंधित विशेष जानकारी दी गयी। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मुनव्वर अली के नेतृत्व में संपन्न हुआ ।

#### ये रहे मौजूद

डॉक्टर मंगल सिंह अहिरवार, डॉक्टर लवकुश दीपेंद्र, डॉक्टर अर्चना जायसवाल, डॉक्टर यदुवीर मिश्रा, प्रोफेसर गजेंद परते, जसीम अहमद, डॉक्टर आदित्य कुमार शुक्ला, राजकुमार प्रजापति, डॉक्टर प्रीति कुशवाहा, प्रोफेसर आराधना द्विवेदी, डॉक्टर दिलीप कुमार शुक्ला डॉक्टर विवेक पाठक, सीतेन्द्र पयासी, विवेक गुप्ता, अजीत कुशवाहा, अनिल वर्मा, प्रीतम परस्ते, मोहम्मद आतिफ, मोहम्मद निसार अहमद नूरी, जितेन्द्र साकेत सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण जन शिविर में उपस्थित रहे।

### कैलाश को अध्यक्ष का दायित्व



उमरिया। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के निर्वाचन की कार्रवाई 23 फरवरी को संपन्न हुई। निर्वाचन पश्चात नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौडिय़ा में व्याख्याता रसायन शास्त्र के पद पर पदस्थ कैलाश प्रसाद गौतम को अध्यक्ष पद का दायित्व मिला । त्रिभुवन प्रसाद सोनी को सचिव, राम कुशल पांडेय कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए । शेष पदों पर भी निर्वाचित सदस्यों की घोषणा की गई। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान रमाशंकर मिश्रा मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं महेंद्र त्रिपाठी पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

## सीनियर सिटीजन एसोशिएशन की बैठक संपन्न



शहडोल। सीनियर सिटीजन एसोशिएशन द्वारा रविवार को स्कॉन द्वारा भजन का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम शहडोल होटल लेबिल वन में संस्था के अध्यक्ष एम.एल. मंत्री की अध्यक्षता में एवं गौरी शंकर, डॉ. पवन मूंदडा के सौजन्य से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान कृष्ण-राधा की आरती से हुआ, तत्पश्चात श्रीराम - कृष्ण के भजनों का क्रम चलता रहा, भजन श्रोता मंत्र मुग्ध होकर भजन का आनंद लेते रहें, भजन कार्यक्रम में संस्था की सदस्यों कि महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर भजन का गायन किया और भरपूर आनंद लिया, भजन में स्कॉन संस्थान के 12-16 के बच्चों ने भजन गाकर सबका मन मोह लिया। स्कॉन संस्था के प्रमुख नरोत्तम दास ने स्कॉन के विषय में विस्तृत चर्चा की उन्होने बताया कि 2 वर्ष पूर्व स्कॉन की स्थापना एकता चैरिटेबल संस्था भवन मोहनराम मंदिर के पास में स्थापित है। प्रत्येक रविवार की शाम को आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिसमें हर वर्ग के लोगों को आयोजित किया जाता है। भजन समारोह में एम.एल. मंत्री, महेश अग्रवाल, डॉ. ए. के. श्रीवास्तव, छोटेलाल सरावगी, टी.पी. मिश्रा, एम. आर. गोयल, डॉ. जी.डी. सिंह, जी.डी. आहूजा, राधेश्याम शुक्ला, एस. के. सिंह परमार, जीतेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक बोहरा, डॉ. गौरी शंकर, कमल मूंदड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, डॉ. पवन मूंदडा, महेन्द्र श्रीवास्तव, महेन्द्र बियानी, शरद झवेरी, सुहास वासुदेव, अनंत कुमार मोहंती, दीपक ढोढी एवं सुरेन्द्र अग्रवाल उपस्थित हुए।

## एक बार फिर अधजले मिनी ट्रक में भड़की आग



शहडोल : *जिले के खैरहा थाना क्षेत्र के करकटी गांव में एक दिन पहले चलते मिनी ट्रक में अचानक आग लग जाने से ट्रक में लोड लकड़ी का छिलका सहित मिनी ट्रक धू-धू कर जलने लगा था, इस दौरान चालक अशोक ने आग लगी ट्रक से कूदकर खुद की जान बचाई थी, मामले की जानकारी लगने पर खैरहा थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचकर धनपुरी की दमकल गाड़ी से आग बुझाने का प्रयास किया, आधा-अधूरा आग बुझा अपना फर्ज निभा वहां से चले गए, जिसके एक दिन बाद सडक़ के किनारे खड़े अधजले मिनी ट्रक में एक बार फिर आग भडक़ गई, आग लगने से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया ,जिसे एक बार फिर दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया।*




## कोयला चोरी करने गये युवक की मौत



शहडोल। जिले में कोयला चोरी के दौरान हो रही मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है, बुढ़ार थाना क्षेत्र में अवैध कोयला खदान धसकने से पति-पत्नी की मौत का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि कोयला चोरी के दौरान एक शख्स की मौत का मामला सामने आया है, दरअसल एसईसीएल अमलाई ओसीएम में कोयला लोड ट्रक में कोयला चोरी करने ट्रक में चढ़े शख्स की ट्रक से नीचे गिरने पर उपचार के दौरान मौत हो गई।

#### यह है मामला

धनपुरी थाना क्षेत्र के सिलपरी के रहने वाला रज्जू बैगा अपने अन्य साथियों के साथ एसईसीएल अमलाई ओसीएम कोयला चोरी करने गया था, जहां एक कोयला लोड ट्रक से कोयला चोरी के दौरान रज्जू चलते ट्रक से नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई, घंटो वहीं पड़ा था, उसकी मदद करने की बजाय लोग तामसबीन बने देखते रहे ,जिससे समय पर उसे मदद नहीं मिलने से उसका अत्यधिक रक्त बहने से उसकी हालत गंभीर हो गई, जिसके बड़ी देर बाद मौके पर पहुंची धनपुरी पुलिस ने उपचार के लिए घायल को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उपचार के कुछ समय बाद ही रज्जू दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### कोतवाली पुलिस ने किया वारंटी गिरफ्तार

डिण्डौरी-कोतवाली थाना अंतर्गत बड़ी बिछिया से रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसके विरूद्ध धारा 34ए के तहत मामला न्यायालय में विचाराधीन है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पुरूषोत्तम सिह बिलागर पिता छतरसिंह बिलागर 43 साल निवासी बड़ी बिछिया के विरूद्ध 2021 में आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था और चालान न्यायालय में पेष किया गया था लेकिन आरोपी सुनवाई के दौरान उपस्थित नही हो रहा था जिसके विरूद्ध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट किया था । जिसकी पुलिस तलाष कर रही थी इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### कोतवाली पुलिस ने जप्त की 54 पाव अंग्रेजी अवैध शराब

डिंडौरी- कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर के जगदंबा मंदिर के पास एक व्यक्ति के कब्जे से अंग्रेजी अवैध शराब जप्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जगदम्बा मंदिर पास एक आदमी बोरी में अवैध शराब रखे खड़ा है। सूचना मिलने पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई तो वाहन से एक आदमी जगदम्बा मन्दिर के पास से एक मटमैले कलर की बोरी लिये भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर मौके पर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कुंवर सिंह उर्फ भुर्मू पारासर पिता तीरथ सिंह पारासर 27 वर्ष निवासी वार्ड 13 पुरानी डिण्डौरी बताया। उसके पास रखी बोरी को चेक करने पर बोरी में 16 पाव अंग्रेजी शराब एमडी रम कीमती 3200 रूपये व 38 पाव जीनियस रम अंग्रेजी शराब कीमती 3800 रूपये मिली। जप्त शराब की कीमती 7000 रूपये है। शराब रखने व विक्रय करने के संबंध में लायसेंस आदि के बारे में पूछताछ पर नहीं होना बताया।

### प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किश्त दिलवाने की मांग

डिंडौरी-प्रधानमंत्री आवास योजना की अगली किस्त दिलवाने संबंधी आवेदन कलेक्टर कार्यालय में तहसील बजाग अंतर्गत ग्राम सरवाही निवासी हितग्राही द्वारा दिया गया है। आवेदन में बाबूराम पिता इतवारी ने लेख किया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था। आवास की प्रथम किश्त मेरे खाता में जमा कर दिया गया था। लेकिन मेरे दो बैंक खाता होने के वजह से भूलवश उस खाता को बंद करा दिया जिस खाता में प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किश्त जमा की गई थी। इसके बाद दूसरा बैंक खाता में प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त जमा नहीं हो पा रही है। इस बावद ग्राम पंचायत सरवाही एवं जनपद पंचायत बजाग में अनेको बार आवेदन किया गया, लेकिन उनके द्वारा कहा जाता है जिस खाते में प्रथम किश्त जमा हुआ था, उसको बंद करा दिये हो इसलिये दूसरे खाते में प्रधानमंत्री आवास की अगली किश्त की राशि मेपिंग होकर नहीं जमा हो पायेगी।

### दुर्घटना में पत्नी की मौत के बाद पति ने लगाई आर्थिक सहायता की गुहार

डिंडौरी-जिले की तहसील शहपुरा के अंतर्गत ग्राम घुटेना निवासी ग्रामीण ने एक दुर्घटना में पत्नी की मृत्यु होने के बाद आर्थिक सहायता दिलाने के लिए आवेदन कलेक्टर कार्यालय में दिया है। आवेदन में प्रताप सिंह उइके उम्र 59 वर्ष पिता स्व0 मंगल सिंह उईके ने लेख किया कि मेरा खेत जंगल के किनारे है। खेत में पत्नि काम कर रही थी जहां काम करने के दौरान अचानक से पहाड से पत्थर गिरने लगे जिसके कारण छाती व पैर एवं शरीर के अन्य भागो में चोट आयी थी। जिसे मैं एवं मेरे परिवार के सदस्यों के सहयोग से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल शहपुरा ले गये थे। अस्ताल में प्राथमिक उपचार कर मेडिकल अस्पताल जबलपुर रेफर कर दिया गया था। मेडिकल अस्पताल के आकास्मिक चिकित्सा वार्ड में उपचार के दौरान मेरी पत्नि श्रीमति श्रीबाई की मृत्यु दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को गयी थी। मृतिका के परिवार के वारसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से ऑटो सवार दो घायल

डिंडौरी- ऑटो में बैठकर बाजार से अपने घर लौट रहे दो लोग मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल हो गए। दोनों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अस्पताल चैकी पुलिस को दिए कथन में रमेश सिंह पिता जेठू सिंह धुर्वे उम्र 48 साल निवासी ग्राम हर्रा थाना करणपठार जिला अनूपपुर ने बताया कि शनिवार को ग्राम घुघरी इटोर के बाजार से सामान खरीदकर ग्राम मडियारास के एक भाईजान के ऑटो से अपने भांजा योगेस्वर परस्ते एवं गांव के ही अन्य 15-16 लोग बैठकर वापस अपने घर हर्रा आ रहे थे।

## प्रशासनिक प्रक्रिया पर हावी हैं भ्रष्टाचारी व दलाल

# भ्रष्टाचार की पोषक बन रही अफसर की कार्यशैली

उमरिया



भ्रष्टाचार का पृष्ठपोषण करने वाली कार्यशैली अगर जिला पंचायत सीईओ जैसे आला अफसर की हो तो यह विडम्बना ही कही जाएगी। इस तरह की दशा, निस्संदेह प्रशासनिक व्यवस्था से लोगों का विश्वास हिला देने वाली है। न्याय की अवधारणा को मजबूत करने की बजाय अगर उसे खोखला करने का प्रयास किया जाए तो धीरे धीरे अराजकता ही उत्पन्न होगी। जिला पंचायत की तस्वीर कुछ ऐसी ही चिंताजनक है। भ्रष्टाचार के कारनामे करने वालों को पूरी तर से संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। आरोपों से घिरे तमाम सचिवों को पंचायत का प्रभार सौंप दिया गया, एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपी आज भी कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, न तो उन्हें हटाया गया, न ही निलंबन की कार्यवाही हुई। इस तरह की कार्यशैली आखिर किस दिशा का संकेत करती है? इसका जवाब कोई भी दे सकता है। बीते वर्षो में ग्राम पंचायत खिचकिड़ी में एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाई गई, लेकिन शासन द्वारा गांव के विकास के लिए भेजी गई राशि खुर्द-बुर्द कर दी गई। ग्राम पंचायत खिचकिड़ी में बीते वर्षो में जितने भी निर्माण कार्य हुए है, अगर उनकी गहनता से जांच की जाये तो निश्चित ही चौंकाने वाला सच सामने आ जाएगा।

### एक माह में भी नहीं दिया जवाब

ग्रामपंचायत खिचकिड़ी का विकास अगर देखा जाए तो लाखों रुपए का बजट हर साल मिलने के बाद भी पंचायत फिसड्डी है। कोई निर्माण कार्य पूर्ण नहीं है, जनहित में एक सडक़ तक नही बनवाई गई है। इसी तरह एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए पांचवे वित्त मद से 10 लाख रुपए उपलब्ध कराए थे। 16 अगस्त 2023 को ग्राम पटपरिहा में स्वीकृत हुआ। लेकिन लाईट गायब है, सचिव ने जनपद के मुखिया को बता दिया कि लाईट चोरी नहीं हुई, सरपंच मीडिया में बयान दे रही है कि 15 लाईट चोरी हो गई। जबकि चोरी की कहीं रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कराई गई है। जनपद के मुखिया ने मामले को संज्ञान में लेकर सचिव को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा था, लेकिन 1 माह बीत चुके हैं, लेकिन सचिव का जवाब साहब तक नहीं पहुंच सका।

### पंचायत में नहीं लाइटों का लेख

ग्राम पंचायत खिचकिड़ी में 10 लाख की लागत से कितनी लाईट लगी, इसका उल्लेख पंचायत में कहीं नहीं है, जानकारों की माने तो सचिव ने वेण्डर से मोटा कमीशन लेकर घटिया स्ट्रीट लाईट पंचायत को भेंट कर दी। हालाकि कहा जा रहा है कि लाईट चोरी हो गई, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि लाईट लगाई ही नहीं गई, पूरे खेल कमीशन में निपटा दिया गया। अगर खिचकिड़ी में लगी एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट की गुणवत्ता की जांच हो जाये और खरीदी से पूर्व प्रकाशित की गई निविदा की जांच वरिष्ठ अधिकारी कर ले तो, भ्रष्टाचार का पुलिंदा खुद-ब-खुद सामने आ सकता है।

### प्रशासन पर हो गए हावी

ग्राम पंचायत खिचकिड़ी सचिव के दूषित, भ्रष्ट और बेईमान होने की चर्चा अब आम हो चली है। भ्रष्टाचार मिटाने की सरकारी मुहिम पर भ्रष्टाचारी तत्व हावी होते नजर आ रहे हैं। इस स्थिति में बदलाव तभी आ सकता है जब आला अफसर कड़े कदम उठाएंगे। जिला पंचायत के वातानुकूलित कक्षों में बैठकर भ्रष्ट कर्मचारियों को बढ़ावा देना बड़ा आसान है। लेकिन एलईडी स्ट्रीट लाईट का मामला जल्द ही मुखिया तक पहुंचेगा, साथ ही जागरूक लोगों का कहना है कि जिला पंचायत के मुखिया द्वारा नियम विरूद्ध सचिवों को दिये गये प्रभार के मामले में भी बात की जायेगी। वर्तमान में तो एलईडी लाइट का मामला दबता ही नजर आ रहा है।

### ऊंचे ओहदों तक है दलालों की पहुंच

प्रशासन तंत्र की ढिलाई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बड़े ओहदे की कुर्सियों के नीचे तक दलालों ने अपनी पैठ बना रखी है। सरकार द्वारा ग्राम पंचायत के विकास के लिए खजाने का द्वार खोल दिया गया है। लेकिन बीते वर्षो में जितना विकास पंचायतों का होना था, उतना नहीं हुआ। हालाकि इस दौरान सचिव-दलाल सहित वेण्डरों का खूब विकास हुआ है, शासन द्वारा विकास के लिए भेजी जाने वाली राशि में सेंध लगाकर सचिव अपना पेट भरने पर आमाद है। चर्चा है कि जिला पंचायत में पदस्थ कर्मचारी बनाम दलाल बड़े साहब को गुमराह कर उनकी साख पर मिट्टी डालने में आमादा है। ग्राम पंचायत खिचकिड़ी की अगर जांच हो जाये तो, भ्रष्ट तंत्र से पर्दा उठ सकता है।

# सलखनिया वन परिक्षेत्र खितौली में मृत शावक बाघ का शव मिला

**उमरिया।** उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि गत दिवस वन्यजीव शावक बाघ की मृत्यु की घटना, जिसका स्थल कक्ष क्र.- आर एफ 384, बीट सलखनिया, वन परिक्षेत्र खितौली अंतर्गत प्रकाश में आई। सुबह लगभग 5.30 बजे पर बाघों के लड़ की आवाज़ समीपस्थ चरकवाह कैम्प के श्रमिकों को सुनाई दी, जिसके उपरांत हाथियों तथा वाहनों की मदद से वनकर्मिय द्वारा क्षेत्र की सघन गश्ती कार्य किया गया। जहां लगभग 9.05 बजे पर मृत शावक बाघ का शव मिला। मृत वाघ शावर का शव मिलने के पूर्व समय सुबह 8 बजे के लगभग मृत्यु स्थल से लगभग 150 से 200 मीटर की दूरी पर 1 नर एवं 1 माट बाघ अलग अलग दिशाओं में प्रत्यक्ष देखे गए। मृत्यु स्थल के पास घसीटने एवं खून के निशान भी मिले। जिस पर एनटीसी,नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक म.प्र. भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डाग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस पास छानवीन की गई। उस उपरांत एनटीसीपी के गाइडलाइन अनुसार वरिष्ठ अधिकारीयों की उपस्थिति में वन्य प्राणी चिकित्सकों द्वारा शव परीक्षण किय गया। पोस्टमार्टम विशेषज्ञ वन्य जीव चिकित्सक , डॉ अमोल रोकड़े एसडब्यूविश एफएच जबलपुर, डॉ वैभव शुक्ला डब्यूप्र व्हीक ए सी भोपाल, डॉ शिवानी प्रधान के द्वारा किया गया है।



मृत्यु का प्राथमिक कारण श्वास नली का खंडित होना तथा गर्दन वं हड्डियों का टूट जाना तथा शरीर पर अन्य कई चोट पाया गया। मृत वन्यजीव शावक बाघ के आवश्यक सेम्पल परीक्षण हे सुरक्षित रखे गये । निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह / भस्मीकरण की कार्यवाही, डॉ अनुपम सहाय, क्षेत्र संचालक, डॉ ज्ञानेन प्रजापति एवं चंद्रमोहन खरे एनटीसीए प्रतिनिधि, रामलाल पनिका, नायब तहसीलदार ताला एवं हेतराम चौधर सरपंच - डोभा एवं अन्य वरिष्ठ वन अधिकारियों एवं कर्मचारिर्थडे की उपस्थिति में की गई। समस्त कार्यवाही वं फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई है। प्रकरण में वन अपराध प्रकरण क्र. 398/05 पंजी दर्ज कर अग्रि कार्यवाही जारी है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## शिकायतों का अधिकारी तत्परता से करें निराकरणः कलेक्टर



उमरिया

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभिन्न स्थलों पर आम जनता की शिकायतों को सुनने तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारी तत्परता से करते हुए जिला स्तर से बनाएं गए पोर्टल पर निराकरण दर्ज कराएं।

## किसानों के खाते में 18 करोड़ रुपये से अधिक राशि का हुआ अंतरण



कृषि विज्ञान केंद्र में देखा गया लाइव प्रसारण



**उमरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भागलपुर बिहार से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 98131928 किसानों के खाते में 22 करोड़ 12 लाख 46 हजार रुपये से अधिक की राशि का अंतरण किया। इस दौरान उमरिया जिले के 90568 किसानों के खाते में 18 करोड़ 11 लाख 36 हजार रुपये की राशि का अंतरण हुआ। प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कृषि केंद्र उमरिया में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह , जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी, एस एल आर लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक , तहसीलदार बाँधवगढ़ सतीश सोनी, जनप्रतिनिधि दीपू छत्तवानी, पंकज तिवारी, दिनेश पांडेय, राजेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने राज्यपाल के उमरिया भ्रमण के तैयारियों की समीक्षा की

**उमरिया।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल का जिले में 27 फरवरी को भ्रमण प्रस्तावित है। माननीय राज्यपाल के भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कार्यक्रम स्थल भरौला एवं लोढ़ा का भ्रमण किया तथा ग्राम पंचायत कार्यालय लोढ़ा में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व.सौंपते हुए तैयारियों के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में अब तक की गई तैयारियों तथा शेष तैयारियों की समीक्षा की। सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी तैयार करनें के निर्देश भी दिए । इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीओपी नागेन्द्र सिंह चौहान, डिप्टी कलेक्टर अंबिकेश प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।



## 3 से 8 मार्च तक ऑनलाईन योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा

उमरिया।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आर.व्ही.पी.एस. पी.जी. महाविद्यालय उमरिया में 3 मार्च से 8 मार्च 2025 तक ऑनलाइन योग प्रशिक्षण शिविर षष्ठम चरण में प्राचार्या डॉ. विमला मरावी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल कैवल्यधाम योग शिक्षण केंद्र भोपाल के सहयोग से ऑनलाइन योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भोपाल कैवल्यधाम योग प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी संदीप दीक्षित और लोनावला महाराष्ट्र कैवल्यधाम मुख्य ब्रांच के प्रमुख श्री ओपी तिवारी जी तथा सुबोध तिवारी के मार्गदर्शन में योग ऑनलाइन शिविर आयोजित हो रहा है तथा इस योग के कोऑर्डिनेटर योगाचार्य राकेश चौहान तथा योग प्रशिक्षिका संध्या चौहान , योग प्रशिक्षिका विनीता यादव , योग प्रशिक्षक नवीन शर्मा द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## प्रश्न पत्र पहुंचाने के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों की हुई नियुक्ति

उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले मे आयोजित होने वाली हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी वर्ष 2025 की मुख्य परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व केन्द्राध्यक्षों के साथ संबंधित थानो से प्रश्न पत्र प्राप्त किए जाने से लेकर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचानें के लिए पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया है। अधिकारीगण मप्र स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सारिणी अनुसार प्रातः 7 बजे से संबंधित थानों में अपनी उपस्थिति करेंगे ।

# क्षयरोग टीबी मुक्त अभियान का किया गया आयोजन



कोतमा

*एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र द्वारा टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों एवं सभी छात्रों को क्षयरोग के प्रति जागरूक करना है। इसी के अंतर्गत सोमवार को केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी में निबंध प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रभाकर राम त्रिपाठी महाप्रबंधक एसईसीएल तथा अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित कर क्षयरोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सभी नागरिकों में मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण है। टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए बल्कि जल्द ही चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। इस बीमारी का पूर्ण इलाज उपलब्ध है जिसके उपयोग से इससे मुक्त हो सकते हैं। मुख्य अतिथि ने इस विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सभी कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्य मनोज कुमार के निर्देशन में विद्यालय के सीसीए विभाग द्वारा किया गया।*

## खबर संक्षेप



### नगर परिषद बुढार सीएमओ का पदभार सौरभ ने संभाला

**बुढार।** नगर परिषद सीएमओ का प्रभार सौरभ श्रीवास्तव ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।इसके पुर्व नगर परिषद में प्रभारी सीएमओ के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले तेज तर्रार प्रभारी जो नगर में अच्छी सेवा प्रदान कर नगर में सफाई,जल एवं राजस्व वसूली में अच्छा योगदान दिया था जिन्हें पुनः एक बार सीएमओ का प्रभार नगरीय प्रशासन के द्वारा सौंपा गया है सौरभ श्रीवास्तव ने 24 फरवरी को अपने कर्तव्यों का जिम्मा ग्रहण कर लिया है।

### नशे में था पिकअप चालक, पुलिस ने की कार्यवाही

**कटनी।** यातायात हाईवे सुरक्षा चौकी के स्टाफ द्वारा हाईवे पेट्रोलिंग एवं नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान पिकअप वाहन क्रमांक MP 21 ZD 4876 का वाहन चालक खतरनाक तरीके से लहराते हुए वाहन चलाते पाया गया जो आगे जाकर कोई जानलेवा दुर्घटना कारित कर सकता था। चौकी प्रभारी सूबेदार मोनिका खड़से, सउनि राजेश कोरी एवं आरक्षक रणविजय द्वारा वाहन को रोककर चेक किया गया तो वाहन चालक शराब का सेवन कर वाहन चलाता प्रतीत हुआ । वाहन चालक का जिला शासकीय चिकित्सालय से परीक्षण कराया गया जिसमे चिकित्सक द्वारा वाहन चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि की गयी। वाहन चालक सतीश पटेल 25 वर्ष निवासी कन्हवारा के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने एवं खतरनाक ढंग से वाहन चलाते पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 एवं 184 के अन्तर्गत माननीय जिला न्यायालय कटनी हेतु प्रकरण तैयार किया गया है। वाहन को सुरक्षार्थ थाना एन के जे में खड़ा कराया गया।

### सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र नही होने से परेशानी

**सिलौंडी।** सिलौंडी के आस पास लगभग 40 गांव की बसावट है । सिलौंडी में आधार कार्ड पंजीयन केंद्र नही होने के कारण लोगों को 25 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है वहा पर भी अधिक भीड़ होने के कारण दिन भर काम का छोड़ने के बाद भी लोगों का आधार कार्ड अपडेट नही होने के कारण आवास योजना का सर्व नही हो पा रहा है । ग्रामीणों ने बताया कि आवास योजना में पुराने आधार कार्ड होने के कारण सर्व में दिक्कत आ रही है । हम लोग आधार कार्ड अपडेट करने ढीमरखेड़ा जाते है पर वहा पर भी अधिक भीड़ होने से दिन भर की मज़दूरी छोड़ने पर भी आधार कार्ड अपडेट कार्य नही के कारण शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने में दिक्कत आ रही है । जनसुवाई में भी ग्राम पंचायत सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय ,सभी पंच गणों ने सिलौंडी में भी आधार कार्ड पंजीयन केंद्र खोलने की मांग रखी थी । वर्तमान में लोगों को आवास योजना में आधार कार्ड अपडेट करना बहुत जरूरी होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था कराने ग्रामीणों ने कलेक्टर से जल्द से जल्द सिलौडी में आधार कार्ड अपडेट करने 10 से 15 दिनों का आधार कार्ड बनाने का शिविर लगाने की मांग की है ।

### योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक

**कटनी।** किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य जारी है। इसके बन जाने से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ आसानी से मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री के बनने से किसानों को खरीदी केन्द्रों में पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित सत्यापन में आसानी होगी। किसान भाई वेबसाइट एग्रीस्टैक डॉट जीओभी डॉट इन का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री बना सकते हैं।

## रूपनाथ धाम, विजयनाथ धाम, मधई मंदिर में लगता है श्रद्धालुओं का तांता

# महाशिवरात्रि को लेकर हो रही खास तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

देवाधिदेव महादेव के पर्व महाशिवरात्रि पर होने वाले विभिन्न आयोजनों को लेकर जिले भर में तैयारियां शुरू हो गई हे। है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर जिले भर के शिव मंदिरों में विविध आयोजन होंगे। भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लेने के लिए सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। जिले के बहोरीबंद स्थित रूपनाथ, बरही के विजयनाथधाम, विजयराघवगढ़ के नीलकंठेश्वर धाम एवं शहर के मधई मंदिर में आयोजनों को लेकर तैयारियां की जा रही है। विजयनाथ धाम एवं रुपनाथ धाम अद्भुत रहस्यों को संजोये हुए है, जो अपनी कविंदतियो को लेकर जाना जाता है। रुपनाथ एवं विजयनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर विविध आयोजन होंगे। बड़ी संख्या मे भक्तो का जनसैलाब उमड़ेगा। यहां पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की जाएगी।



### विजयनाथधाम मंदिर

जिले के धार्मिक पर्यटनों में से एक बरही का विजयनाथधाम कौमी एकता की मिसाल है। यहां पर मंदिर से लगी 17 एकड़ भूमि है। बरही के ही एक मुस्लिम परिवार ने मंदिर को भूमि दान में दी थी। लगभग 120 वर्ष पुराने इस स्थान को लेकर अलग-अलग किवदंती हैं। बताते हैं कि मंदिर को अंग्रेजी शासन काल में बरही में पदस्थ थानेदार दुर्गा प्रसाद पांडेय ने बनवाया है। बताया जाता है कि उन्हें भगवान भोलेनाथ ने स्वप्न में दर्शन देकर मंदिर स्थल के पास जमीन पर दबे होने की जानकारी दी थी। थानेदार पांडेय ने स्थानीय जनों की मदद से स्थल पर खुदाई कराई तो मंदिर से दूरी पर नाले के पास लगे पेड़ के नीचे जलहरी के साथ शिवलिंग प्रकट हुआ। जिसके बाद शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। मंदिर के लिए बरही निवासी मो. इलाही बख्श ने अपनी 17 एकड़ भूमि दान में दी थी। लोगों का कहना है कि जमीन से निकला शिवलिंग छोटा था, लेकिन उसका आकार हर साल बढ़ता जा रहा है। विजयनाथ धाम मंदिर में हर सोमवार को भगवान का विशेष श्रृंगार आरती होती है। महाशिवरात्रि पर शिव बारात निकाली जाती है।

### रुपनाथ धाम मैं है सुरँगी रास्ता जो पहुँचता है बांदकपुर धाम

रुपनाथ धाम की यह किवंदती है कि यहां पर भोले बाबा की गुफा देखने को मिलती है, जिसमें शिवलिंग विराजमान है। रूपनाथ मंदिर में पार्वती माता का मंदिर भी बना हुआ है। यहां पर पहाड़ी के किनारे मंदिर बने है। यहां पर पहाड़ी के किनारे तीन कुंड देखने को मिलते हैं। इन कुंड को राम कुंड, लक्ष्मण कुंड और सीता कुंड के नाम से जाना जाता है। रुपनाथ धाम में प्राचीन अभिलेख भी देखने को मिलता है। यह अभिलेख सम्राट अशोक का बताया जाता है। कहा जाता है की बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए सम्राट अशोक यहां पर आए थे। वर्तमान मे पूरा परिसर पुरातत्व विभाग के अधीन है।

रूपनाथ धाम में एक सुरंगी रास्ता मौजूद है। यह रास्ता बांदकपुर के जागेश्वरधाम तक पहुंचता है। माना जाता है की भगवान शिव इसी गुफा के रास्ते बांदकपुर के जागेश्वर नाथ गए थे। हालांकि यह रास्ता कई वर्षों से बंद है। लोगों को सुरंगी गुफा के भीतर जाना प्रतिबंधित है। एक ओर जहां रूपनाथ अर्थात भगवान भोलेनाथ का मंदिर है तो वहीं दूसरी ओर यहां श्रीराम, सीता व लक्ष्मण नाम के तीन कुंड भी हैं, जिनमें जल स्तर बारह महीनों बना रहता है। वहीं रूपनाथ धाम प्राकृतिक सौंदर्य से भी भरपूर है।

रूपनाथ धाम को लेकर एक धार्मिक किवदंती यह है कि यहां भगवान शिव की बारात रूकी थी बारातियों की प्यास बुझाने के लिए। भगवान शिव की कृपा से यहां तीन कुंड निर्मित हुए थे, जिन्हें आज श्रीराम कुंड, सीता कुंड व लक्ष्मण कुंड के नाम से जाना जाता है। ये तीनों कुंड एक इमारत के पहले, दूसरे व तीसरे तल की तरह हैं। इस स्थान पर प्राकृतिक सौंदर्य की छटा भी चारों ओर बिखरी हुई है। जहां एक ओर यहां धार्मिक आस्था से जुड़े लोग पहुंचते हैं तो वहीं दूसरी ओर सैलानियों का भी यहां आना जाना बना रहता है। वहीं यहां पर अशोक सम्राट के रहने के निशान और विशेष लिपि में लिखे गए शिलालेख पुरात्व की कहानी बयां कर रहे हैं। रूपनाथ धाम में वैसे तो वर्ष भर दर्शनार्थियों का ताता लगा रहता है लेकिन महाशिवरात्रि पर यहां मेले जैसा नजारा होता है।



# बोगियों के गेट नहीं खोलने से हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्य रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक-2 में शनिवार और रविवार की रात बड़ी संख्या में प्रयागराज जाने वाले श्रद्धलुओं की भीड़ एकत्रित हुई थी एक के बाद एक रात 2:30 बजे तक प्रयागराज जाने वाली 2 कुंभ स्पेशल ट्रेनों के साथ, महानगरी एक्सप्रेस ट्रेन, दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन सहित अन्य ट्रेने प्रयागराज की ओर रवाना होती रही लेकिन श्रद्धालुओ की भीड़ थमने का नाम नही ले रही थी। हजारों की संख्या में यात्री प्रयागराज जाने रवाना हुए और हजारों की संख्या में यात्री प्रयागराज जाने ट्रेनों का इंतजार करते रहे पहले से यात्रियों से खचाखच भरी ट्रेनों में कई बोगियों के गेट नहीं खोले जा रहे थे जिस कारण विवाद की स्थिति भी निर्मित हो गई। कुछ यात्री ट्रेन में चढ़ने के दौरान विवाद करने लगे और जमकर लात घूसे चले इस दौरान जीआरपी और आरपीएफ पुलिस यहां से नदारत रही।

### जद्दोजहद करते रहे यात्री

प्रयागराज जाने वाली जो भी ट्रेने स्टेशन पहुँची उसमें जगह पाने यात्री जद्दोजहद करते नजर आए। वही कुछ यात्री भीड़ देख कर अपने-अपने घरों को भी वापस लौट गए। उन्हें रात स्टेशन के बाहर रेलवे प्रशासन द्वारा बनाए गए टेंट में ही काटनी पड़ी। रात भर प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ स्टेशन में एकत्रित होती रही।

*कागजी खानापूर्ति के लिए की जा रही दिखावे की कार्यवाही*

# देशी से लेकर कच्ची शराब का हो रहा अवैध कारोबार, शिकायतें दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी हो ग्रामीण थाना क्षेत्र शराब की अवैध बिक्री का कारोबार बेरोकटोक चल रहा है। राजनीतिक पकड़ और पुलिस से सांठगांठ कर माफियाओं द्वारा शराब की अवैध बिक्री से चांदी काटी जा रही हे। दिखावे के लिए छुट पुट कार्यवाही कर पुलिस वाहवाही लूट रही है जबकि शराब की अवैध बिक्री और पियक्कड़ो की बढ़ती फौज से गांव गांव माहौल अराजक हो चला है।

दरअसल शराब दुकानों के अपने नियम कायदे है। तय अनुबंध के तहत देशी या अंग्रेजी दुकानों से शराब केवल अनुमति वाले अड्डे से बेंची जा सकती है लेकिन अधिक मुनाफे के लिये शराब ठेकेदारों ने अपना ही संविधान लागू कर रखा है। हर गांव में चल रही पैकारी के लिये बकायदे एजेंट नियुक्त है। यहां शासन का कानून नही बल्कि ठेकेदार और उनके लठैत, गुर्गो का हुक्म चलता है जिससे कोई विरोध भी नहीं कर पाता। जिले के दूर-दराज के गांव में भी आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। कहने को तो 407 पंचायतों वाले जिले में महज 63 ही देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें हैं लेकिन माफियाओं की तगड़ी सेटिंग से गांव-गांव अवैध शराब बेरोकटोक बिक रही है।

### बदतर हो रहे हालात

शराब की अवैध बिक्री से जेबें तो अफसर और ठेकेदारों की भर रही है लेकिन शहर से गांव तक नित दिन पियक्कड़ों की बढ़ती फौज से लोगों की घर-गृहस्थी तबाह हो रही है। जिले में अधिकारियों के तबादला व पदस्थापना तो होते ही रहते हैं लेकिन शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने में कोई भी सक्षम नहीं साबित हो पा रहा है। हालात दिनों दिन ज्यादा बदतर होते जा रहे हैं।

### बढ़ रहा अपराधों का ग्राफ

नशे के आदी हो चुके युवा अपनी लत को पूरा करने के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचकते। चोरी, लूट, डकैती सहित अन्य अपराधों के पीछे काफी हद तक नशा ही कारण साबित हो रहा है। नशे की लत को पूरी करने नशेड़ी अपराध के जाल में फंस जाता है। नशे से नशेड़ी की जिंदगी तो बर्बाद होती ही है, परिवार भी कंगाली की कगार पर पहुंच जाता है। शराब सहित गांजा, स्मैक व अन्य तरह के नशे के कारोबार को खत्म करने कानून का पालन सख्ती से करना होगा तभी अवैध कारोबार करने वालों पर लगाम लग सकेगी और माफियाओ में कानून का डर भी बना रहेगा।

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जहां योजनाएं एवं सुविधाएं भी बमुश्किल पहुंचती हैं वहां भी आसानी से अवैध शराब उपलब्ध हो रही है। जिसके कारण मजदूर वर्ग बल्कि युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। युवाओं और बड़ों को नशा करते देख किशोरवय उम्र वाले भी इसका शिकार होते जा रहे हैं।

# महाशिवरात्रि मेले में शांति बनाए रखने नियुक्त हुये कार्यपालिक मजिस्ट्रेट

अनूपपुर।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी से पवित्र नगरी अमरकंटक एवं जिले के अन्य धार्मिक स्थलों में मेला आयोजित किया जाएगा।

इस पर्व में श्रद्धालुओं/ दर्शनार्थियों की काफी संख्या में भीड़ एकत्रित होगी। मेले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की नियुक्ति की है। माँ नर्मदा मंदिर परिसर अमरकंटक में तहसीलदार पुष्पराजगढ़ गौरीशंकर शर्मा, मेला परिसर अमरकंटक तथा रेस्ट हाउस अमरकंटक में नायब तहसीलदार पुष्पराजगढ़ कौशलेन्द्र शंकर मिश्रा, रामघाट अमरकंटक में नायब तहसीलदार पुष्पराजगढ़ सोहनलाल कोल, अनूपपुर थाना क्षेत्रांतर्गत तहसीलदार अनूपपुर अनुपम पाण्डेय, थाना चचाई क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार अनूपपुर मिथला प्रसाद पटेल, थाना भालूमाड़ा क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार अनूपपुर मंगलदास चक्रवर्ती, जैतहरी/ वेंकटनगर थाना क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार जैतहरी संजय कुमार जाट, कोतमा/बिजुरी थाना क्षेत्रांतर्गत तहसीलदार कोतमा ईश्वर प्रधान तथा रामनगर क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार कोतमा राजेन्द्रदास पनिका को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स को निर्देश दिए हैं कि उक्त अवधि में पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत कानून व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी का दायित्व संभालेंगे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पात्र परिवार 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव, रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाइल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अशासकीय विद्यालय की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 25 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि 25 फरवरी के बाद अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जा सकेगी। मान्यता संबंधी निर्देश पूर्व की तरह यथावत रहेंगे। शिक्षण सत्र 2025-26 के लिये अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 14 फरवरी निर्धारित थी।

*इन्वेस्टर्स समिति से औद्योगिक निवेश बढ़ने की है उम्मीद*

# कटनी जिले के उद्योगपतियों में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के प्रति दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भोपाल में 24 एवं 25 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए कटनी जिले के उद्योगपतियों में ख़ासा उत्साह है। यहां से करीब 200 उद्योगपतियों का ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होना संभावित है। उद्योगपतियों को समिट से काफी उम्मीदें हैं कि इससे प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी निवेशकों के आने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 से राज्य में न केवल औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी, बल्कि यह प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य को भी नया आयाम देगी। इस सम्मेलन से राज्य में रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा तथा विदेशी निवेशकों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। भोपाल में 24 एवं 25 फरवरी को आयोजित होने वाली दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 कटनी जिले के 200 से अधिक उद्योगपतियों के पहुंचने की संभावना है।

लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री एवं उद्योगपति अरुण सोनी कहते हैं कि हर तरह के उद्यमियों के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने योजनाओं का निर्माण किया है। भोपाल में आयोजित हो रहा ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2025 न केवल मध्य प्रदेश के लिए अपितु भारत वर्ष के लिए एक बड़ा आयोजन हो रहा है जहां उद्यमियों का समागम होगा। इस आयोजन के माध्यम से मध्य प्रदेश शासन द्वारा उद्योग हित में जो नीतियां बनाई गई है उन नीतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार ने हर तरह के उद्यमियों के लिए योजनाओं का निर्माण किया है। हम सबको मिलकर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को सफल बनाने में सहभागिता निभानी है।

उद्योगपति प्रेम बत्रा नें कहा कि दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन से मध्यप्रदेश में नये - नये आयाम स्थापित होंगे। बड़े-बडे.उद्योगपतियों के निवेश से युवाओं को राजगार मिलेगा तथा प्रदेश का विकास हो सकेगा। प्रदेश की निवेश नीति उद्योगों के अनुकूल है। मध्यप्रदेश निवेश की दृष्टि से आदर्श राज्य है। प्रदेश में पर्याप्त बिजली पानी और अधोसंरचना की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

संजय दाल मिल कटनी के उद्योगपति संजय संगतानी ने कहा कि मध्यप्रदेश में अच्छी सड़कें, रेलमार्ग और अन्य सुविधाएं उद्योगपतियों को निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं। उद्योगपतियों को निवेश किये जाने से क्षेत्रीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मध्यप्रदेश शीघ्र ही देश के अग्रणी राज्यों में शुमार होगा।

उद्योगपति रोहन सचदेव ने कहा कि सरकार ने ग्लोबल इंटवेस्टर्स समिट के आयोजन का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह छोटे और बड़े दोनों निवेशकों के लिए बड़ा असरदार रहा है। निश्चित ही ऐसे आयोजनों से उद्योगों की स्थापना से रोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे जिससे नागरिकों का जीवन खुशहाली बनेगा और मध्यप्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर होगा।

## रासेयो के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर कार्यक्रम

# समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा कर जागरूक करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना मिश्रा, डॉक्टर संजय कांत भारद्वाज ,श्रीमती रिचा दुबे के नेतृत्व में आयोजित किए गए सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र मे मुख्यअतिथि के रूप में हमारे बीच कटनी मुरवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक संदीप प्रसाद जायसवाल अपनी पत्नी श्रीमती स्मिता जायसवाल सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात के द्वारा स्वागत भाषण के माध्यम से समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रीना मिश्रा द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया1



विधायक ने ग्राम वासियों से उनकी समस्या और समाधान की बात कही। शिविर का उद्घाटन सत्र मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया1जिसमें अनुशासन महाविद्यालय के डायरेक्टर श्री अंकित गौतम ,प्राचार्य डॉ .उषा पांडे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शुभकामनाओं सहित शिविर का शुभारंभ हुआ द्वितीय दिवस छात्राओं ने प्रभात फेरी के साथ दिन का शुभारंभ करते हुए परियोजना कार्य के दौरान गांव के रंगमंच की साफ सफाई करते हुए ग्राम वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया साफ सफाई न होने पर विभिन्न बीमारियों के होने एवं उनसे बचाव के बारे में गांव वासियों को जानकारी दी 1तीसरे दिन छात्राओं ने ग्राम वासियों को समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकार की कुरीतियों जैसे बाल विवाह ,दहेज प्रथा ,कन्या भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए उसके प्रति जागरूक किया 1चौथे दिन वर्तमान में चल रही साइबर क्राइम की समस्या विषय पर छात्रों ने ग्राम वासियों को जागरूक किया और विभिन्न उदाहरण देते हुए फोन कॉल रिसीव न करने वह ओटीपी शेयर न करने की बात ग्राम वासियों को समझाइश दी। इसी क्रम में जल संरक्षण ,पर्यावरण संरक्षण ,जैविक खेती विषय पर ग्राम वासियों से चर्चा की और प्राकृतिक संसाधनों को किस प्रकार से संरक्षित रखा जा सकता है उसके बारे में जानकारी दी। अगले दिन मतदाता जागरूकता एवं वन नेशन वन इलेक्शन व शासन द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं से ग्राम वासियों को अवगत कराया।

समापन सत्र में अतिथि के रूप में सुबोध जैन व्यवस्थापक सरस्वती विद्यालय, अखिलेश पांडे प्राचार्य सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कैमोरी, शरद तिवारी ,श्रीमती अंकित गौतम ,संचालक अनुशासन महाविद्यालय, रामकृष्ण बर्मन पूर्व सरपंच कैमुरी, अशोक कुमार पाल पूर्व सैनिक गोपाल प्रसाद पाल पूर्व सैनिक, गोविंद प्रसाद बर्मन, श्रीमती सुनीता बर्मन, पूर्व सरपंच, मनोज कुमार गौतम वरिष्ठ नागरिक ग्राम कैमुरी धर्मपाल, प्रहलाद गौतम आदि उपस्थित रहे।

# 34 लाख कीमती दाल की घपलेबाजी में एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

करीब 34 लाख रूपए की दाल के गोलमाल के मामले में एक एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि एजेंट ने व्यापारी दाल ली और बाजार में बेचकर रकम हड़प गया। जब लंबे समय तक रकम नहीं मिली और एजेंट टालमटोल करने लगा तो पीड़ित व्यापारी ने थाने में शिकायत दी। जिसकी जांच के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार द्वारिका सिटी निवासी विनय आहूजा की मदन मोहन चौबे वार्ड में अंबिका पल्सेस नामक दाल मिल है। वहीं आनंद लालवानी निवासी न्यू एसीसी कालोनी, माधवनगर इस कारोबार में एजेंट का काम करता है। इसके द्वारा 23 सितंबर से 16 अक्टूबर 2024 के मध्य दाल मिल से करीब 34.52 लाख की दाल ली गई, जिसे बाजार में बेचकर रकम लौटाने की बात की। लेकिन, पैसा लौटाने का निर्धारित समय गुजर जाने के बाद भी एजेंट ने दाल मिल में रकम नहीं जमा की। जिसके बाद व्यापारी ने अपने स्तर पर पता किया, तो एजेंट बाजार में दाल बेच चुका है था और रकम अपने कामों में उपयोग कर चुका था। रकम मांगीत गई, तो टालमटोल करने लगा। जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने थाने में शिकायत दी। जिसकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपी एजेंट आनंद लालवानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(2), 316(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार एजेंट ने उनसे 125 क्विंटल मूंग दाल और 116 क्विंटल मसूर दाल ली है। जिसकी कीमत करीब 34.52 लाख है। इस रकम को लौटाया नहीं गया है। जिसका लिखित रिकार्ड भी व्यापारी ने थाने में प्रस्तुत किया है।

खबर संक्षेप

## पुलिस ने शहर के गति अवरोधकों में करवाई थर्मल व्हाइट मार्किंग



अनूपपुर। अनूपपुर शहर में वाहनों की गति को नियंत्रित करने के उद्देश्य विभिन्न स्थानों पर पूर्व में ब्रेकर बनवाए गए थे, जिनकी मार्किंग खराब हो जाने के कारण रात्रि के समय ब्रेकर स्पष्ट रूप से दिखाई ना देने के कारण अक्सर एक्सीडेंट घटित हो रहे थे, जिन्हें रोकने के उद्देश्य ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्मार्ट सिटी के सामने स्थित ब्रेकर, सामतपुर तिराहा के तीनों ओर स्थित ब्रेकर में सफेद थर्मल मार्किंग करवाई गई है, जिससे ब्रेकर से टकराकर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## भारी वाहनों का प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालन रहेगा प्रतिबंधित

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी कर जिला मुख्यालय अनूपपुर में 06 चक्के या 06 चक्के से अधिक सभी प्रकार के भारी वाहनों का संचालन प्रातः 6.30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक प्रतिबंधित किया गया था। चूंकि शीत ऋतु समाप्ति की ओर है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर द्वारा उक्त आदेश में संशोधन कर कार्यालयीन आदेश दिनांक 06 जून 2024 पूर्ववत करते हुए जिला मुख्यालय अनूपपुर में 06 चक्के या 06 चक्के से अधिक सभी प्रकार के भारी वाहनों का संचालन प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश में उल्लेखित सभी शर्तें यथावत रहेगी। कलेक्टर द्वारा जिला परिवहन अधिकारी अनूपपुर एवं जिला यातायात प्रभारी अनूपपुर को आदेश का कड़ाई से पालन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## शराबी पति ने चरित्र शंका पर पत्नी को उतारा मौत के घाट

अनूपपुर। जिले में एक शख्स ने सोमवार को अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। घटना बिजुरी थाना क्षेत्र की है। महिला का शव ओवरब्रिज के नीचे मिला। आरोपी पति जागेश्वर अगरिया फरार है। पुलिस के मुताबिक, 23 फरवरी को रानी अगरिया अपनी मां राम बाई के साथ छत्तीसगढ़ के चिरमिरी में एक पारिवारिक कार्यक्रम में गई थी। वहां से वह अपनी मां के साथ वापस बिजुरी लौट आई और पति जागेश्वर को चिरमिरी में ही छोड़ दिया। इससे नाराज होकर जागेश्वर ने रानी के सिर के पिछले हिस्से में कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के परिजनों के अनुसार, जागेश्वर शराब के लिए रोज पैसे मांगता था। इस बात को लेकर दोनों में अकसर विवाद होता था। आरोपी, पत्नी के चरित्र पर भी शक करता था, उसके साथ मारपीट करता था।

## कांग्रेस सेवादल का संभागीय सम्मेलन 27 फरवरी को अनूपपुर में होगा आयोजित



अनूपपुर। कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय सचिव मध्य प्रदेश के प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा दो दिवसीय प्रवास पर 26 फरवरी को अनूपपुर आ रहे है जो महाशिव रात्रि पर्व में 26 फरवरी को अमरकण्टक में रहेंगे तथा रात्रि विश्राम अनूपपुर में करेंगे। 27 फरवरी को सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर में कांग्रेस सेवादल पदाधिकारियों के संभागीय सम्मेलन में भाग लेंगे उसी दिन शाम को दिल्ली के लिए लौट जाएंगे। तदाशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए सेवादल के प्रदेश प्रशिक्षक लोक सभा शहडोल के प्रभारी डा० एहसान अली अंसारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर एवं डिण्डौरी जिले के सेवादल पदाधिकारी बड़ी संख्या में 27 फरवरी को अनूपपुर आ रहे है। सेवादल के राष्ट्रीय संयोजक रमेश द्विवेदी एवं शहडोल सम्भाग के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेतागणों को भी आमंत्रित किया गया है। सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष राम सजीवन गौतम ने सभी सेवादल वर्दीधारी पदाधिकारियो को सुबह 11 बजे 27 फरवरी को राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर मे पहुंचने की अपील की है।

### रोज नये-नये तरीके से लोगों को निशाना बना रहे ठग

# सावधानी हटी तो खाली हो जाएगा खाता

### जालसाजों से बचाव की जरूरत, हरिभूमि दे रहा महत्वपूर्ण जानकारी

खास खबर

हर रोज साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। इन सबमें जालसाज साइबर अपराध के अनेक तरीकों को इस्तेमाल करते हैं, जिनसे अधिकतर लोग अनजान हैं। ठगी को अंजाम देने वाले मामलों में देखा गया है कि अपराधी उन तरीकों का इस्तेमाल करते हैं जो केवल टेक्नोलॉजी से जुड़ा व्यक्ति ही समझ सकता है। साइबर अपराधी एक गलती या लापरवाही का फायदा उठाकर आपकी जमापूंजी पर डाका डाल रहे हैं वहीं, पुलिस भी इसे रोकने में बहुत हद तक सक्षम नहीं हो पाई है। इसलिए खुद हो ठगबाजों से सावधानीपूर्वक बचने की जरूरत है।

अनूपपुर।



क्षेत्र में आए दिन साइबर ठगी की घटनाएं हो रही हैं। ठगबाजों के द्वारा नित्य नए झांसा देकर नगर के व्यापारी एवं आम जनों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। साइबर अपराधी लोगों का व्यक्तिगत डाटा चुराकर उनके रिश्तों का फायदा उठा रहे है और पीड़ित के रिश्तेदार बन कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। जान लें कि जालसाज खुद को बैंक कर्मी या किसी कंपनी का अधिकृत कर्मचारी बनकर फोन पर गोपनीय जानकारी हासिल करते है। जालसाज सोशल मीडिया की मदद से पूरा डिटेल हासिल कर लेते हैं, जिस वजह से जालसाज के चंगुल में आसानी से लोग फंसकर रकम गंवा देते हैं। इसके अलावा एटीएम कार्ड बदलकर भी जालसाजी की घटनाएं सामने आई है। मदद के बहाने जालसाज एटीएम कार्ड बदलकर कर रकम उड़ा देते हैं। आधार कार्ड और अन्य माध्यमों से भी जालसाजी हो रही है। कुल मिलाकर फिलहाल इससे बचने के लिए आप को खुद ही जागरूक होना पड़ेगा, नहीं तो आपका खाता खाली हो जाएगा।

### इस तरह जालसाज बनाते हैं निशाना

साइबर अपराध की इस प्रक्रिया में अक्सर जालसाज किसी व्यक्ति के ई-मेल पर सहमति के बिना लुभावने स्पैम मेल भेजते हैं। इस मेल में कई तरह की लिंक होती हैं, जिन पर क्लिक करने से आपके कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर नियंत्रण जालसाज के हाथों में चला जाता है। फिर वह बैंक खाते सहित कई निजी जानकारियां हासिल कर आपको चपत लगा देते हैं वही साइबर स्टॉकिंग मे साइबर अपराधी इस प्रक्रिया में निशाने पर लिए गए व्यक्ति से अश्लील बातें या चैटिंग के माध्यम से झांसे में ले लेते हैं। फिर रिकॉर्ड की गई बातचीत या चैट्स के नाम पर व्यक्ति को ब्लैकमेल कर बैंक खाते से संबंधित जानकारी हासिल कर लेता और लोग ठगी का शिकार हो जाते है। कई बार वह खुद ही रिकॉर्डिंग या वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये की मांग करते हैं। जालसाजी का एक और तरीका काफी एडवांस माना जा रहा है जिसमे अपराधियों के लिए अधिकतर कामयाबी भरा है। इस प्रक्रिया में कोई भी साइबर अपराधी निशाने पर लिए गए व्यक्ति को कई सारे ई-मेल भेजकर झांसे में लेने की कोशिश करता है। फिर व्यक्ति को बहकाकर उनसे बैंक खाते, नेट बैंकिंग पासवर्ड या पिन नंबर पा लेता है और इसकी मदद से खातों को खाली कर देता है।

### लोन का ऑफर

सोशल मीडिया पर पर्सनल लोन देने का ऑफर देकर भी जालसाजी होती है। इसमें आपसे कागजी खर्च के नाम पर ऑनलाइन कुछ रुपये की मांग की जाती है और फिर पूरा खाता खाली हो जाता है। गूगल पर भी जालसाज सक्रिय है। किसी भी कंपनी का टोल फ्री नंबर गूगल पर खोलने के दौरान जालसाज अपना लिंक देकर आपकी गोपनीय जानकारी हासिल कर लेते हैं और फिर खाता खाली हो जाता है।

### आधार कार्ड से जालसाजी

इस तरह की जालसाजी के ज्यादातर मामले में ग्राहक सेवा केंद्र पर आते है। इसमें जब कोई व्यक्ति रुपये निकालने या फिर आधार कार्ड को ठीक कराने जाता है तो जालसाज उसके फिंगर प्रिंट का क्लोन बना लेते हैं और आधार कार्ड का नंबर भी हासिल कर लेते हैं, फिर इसकी मदद से जालसाज आधार कार्ड से रुपये निकाल लेते हैं या फिर उसकी मदद से आपके बैंक खाते तक पहुंच जाते हैं।

### ऐसे करें बचाव

* पासवर्ड यूनिक और कठिन हो। हर ऑनलाइन अकाउंट के लिए अलग पासवर्ड रखें।
* पासवर्ड में अपर केस, लोअर केस, नंबर और स्पेशल कैरेक्टर का काम्बीनेशन रखें।
* 45 दिन में अपना पासवर्ड जरूर बदल दें।
* अगर कोई एकाउंट आप इस्तेमाल नहीं करते हैं तो उसे डिलीट कर दें।
* अज्ञात ई-मेल को डाउनलोड ना करें।
* अपना पासवर्ड किसी के साथ साझा ना करें। पासवर्ड की परिधि आठ से 12 अंकों की होनी चाहिए।
* फेसबुक, इंस्ट्राग्राम जैसे सोशल मीडिया एकाउंट के सुरक्षा फीचर को ऑन रखें।
* कस्टमर केयर का नंबर कभी भी दस अंकों का नहीं होता है।
* अपने फोन पर अश्लील फोटो, वीडियो लिंक को ना खोले।
* मुफ्त उपहार के चक्कर में कभी भी ना पड़े।
* संभव हो तो बैंक या दूसरे व्यक्ति जानकारी के लिए देने के लिए अलग नंबर रखें, इससे सार्वजनिक ना करें।
* आधार कार्ड को लॉक रखें, जब जरूरत हो तभी अनलॉक करें।

# जिला मुख्यालय में ऑटो किराया का किया निर्धारण



अनूपपुर।

जिला मुख्यालय अनूपपुर के विभिन्न स्थानों के पहुंच हेतु ऑटो का किराया निर्धारण किया गया है। इस संबंध में यातायात थाने में ऑटो चालकों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में यातायात, परिवहन, नगरपालिका तथा ऑटो यूनियन के पदाधिकारी सहित ऑटो चालक उपस्थित रहे। कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी द्वारा ऑटो किराया निर्धारण के संबंध में अवगत कराया गया है कि रेलवे स्टेशन अनूपपुर से बस स्टैण्ड अनूपपुर का किराया 10 रुपये, सामतपुर तालाब तक 10 रुपये, कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत अनूपपुर तक 20 रुपये, अमरकंटक तिराहा तक 10 रुपये, शंकर मंदिर चौक, जिला चिकित्सालय, तहसील कार्यालय, जिला न्यायालय, जिला जेल तक 20 रुपये का किराया निर्धारित किया गया है। इसी तरह बस स्टैण्ड अनूपपुर से पीएमसी कॉलेज (तुलसी कॉलेज), सांई मंदिर, बस्ती रोड तक 30 रुपये, एकलव्य स्कूल पुलिस लाईन तक 30 रुपये, रेलवे स्टेशन तक 10 रुपये, सामतपुर तालाब तक 10 रुपये, कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत अनूपपुर तक 20 रुपये, अमरकंटक तिराहा तक 10 रुपये, शंकर मंदिर चौक, जिला चिकित्सालय, तहसील कार्यालय, जिला न्यायालय, जिला जेल तक 20 रुपये, पीएमसी कॉलेज (तुलसी कॉलेज), सांई मंदिर, बस्ती रोड तक 30 रुपये तथा एकलव्य स्कूल पुलिस लाईन तक 30 रुपये निर्धारित किया गया है।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों को किया राशि का अंतरण



अनूपपुर।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भागलपुर, बिहार से आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय किसान सम्मान समारोह के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों के साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर सुधाकर सिंह बघेल, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप कुमार मोगरे, तहसीलदार अनूपपुर अनुपम पांडेय सहित पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही उपस्थित थे। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से अनूपपुर जिले के 88 हजार 291 हितग्राहियों को 17 करोड़ 65 लाख 82 हजार रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की।

### 31 मार्च तक संचालित होगा निरोगी काया अभियान

अनूपपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा के द्वारा बताया गया कि जिले में 20 फरवरी से 31 मार्च तक निरोगी काया अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये जा रहे हैं। अभियान में 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की शुगर, ब्लड प्रेशर और गैर संचारी रोगों की निःशुल्क जांच की जायेगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य शुगर व ब्लड प्रेशर और अन्य गैर संचारी रोगों की समय पर पहचान और निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करना है। यह बीमारियां प्रारंभिक अवस्था में बिना लक्षणों के होती है, लेकिन आने वाले समय में हृदय रोग, लकवा, किडनी व लीवर की बीमारियों का कारण बन सकती है।

### नगर में यातायात हुआ बेलगाम, जाम से हलाकान अवाम

# कप्तान के आदेश का भी नहीं कोई असर

कोतमा।

नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर में जगह-जगह घंटो जाम की स्थिति बन जाती है। आलम यह है कि ना तो यातायात और ना ही पुलिस प्रशासन ध्यान दे रही है। जिसके कारण आम नागरिकों को अव्यवस्था का शिकार होना पड़ रहा है। रविवार को भी सड़क के दोनों तरफ एवं बीच सड़क में वाहन खड़ा होने के कारण घंटों जाम की समस्या निर्मित हो गई। नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्ति धाम के पास किराए के कमरों में थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दुकान संचालित की जा रही है। उन दुकानदारों का हाल यह है कि सुबह 7 बजे से ही सड़क के दोनों और बड़े वाहन खड़े करवा दिए जाते हैं उसके बाद सड़क पर ही दो पहिया वाहन खड़े हो जाते हैं। जिसके कारण घंटो जाम की स्थिति बन जाती है। यह हाल कोई एक दिन का नहीं है प्रतिदिन का हाल यही है। जबकि थोक सब्जी मंडी के रास्ते से ही होकर नगर पालिका कार्यालय अस्पताल छात्रावास कन्या स्कूल के लिए बच्चे आना-जाना करते हैं । सुबह स्कूल जाने वाली बसों का भी आना-जाना बना रहता है। अस्पताल से मरीज को लाने ले जाने का कार्य भी एंबुलेंस के द्वारा किया जाता है, लेकिन बदहाल यातायात के कारण आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। अव्यवस्थित आवागमन होने के कारण स्थित यह निर्मित हो जाती है कि लोगों को पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता है। जबकि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 3 में सब्जी मंडी का निर्माण लाखों रुपए खर्च करके किया गया है उसके बावजूद भी थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा किराए का कमरा लेकर दुकान संचालित की जा रही है। आम नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास अस्पताल जाने वाले मार्ग में बदहाल यातायात व्यवस्था के सुधार कार्य कराए जाने की मांग की है।



### नही है यातायात पुलिस

नगर में पूर्व में यातायात पुलिस की पदस्थापना की गई थी लेकिन बर्षा पूर्व से यातायात पुलिस की तैनाती भी नगर से समाप्त कर दी गई। जिसके कारण नगर में यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई। पुलिस कप्तान मोती उर रहमान के द्वारा जिला यातायात पुलिस को निर्देश दिए गए थे कि सप्ताह में दो दिन कोतमा नगर का यातायात पुलिस भ्रमण करते हुए अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की कार्यवाही करेगी, लेकिन पुलिस कप्तान का आदेश भी बेअसर होता दिखाई दे रहा है। जिला यातायात पुलिस को द्वारा सप्ताह में तो क्या महीने में भी कोतमा नगर का भ्रमण नही करती। जिसके कारण दिन प्रतिदिन यातायात व्यवस्था नगर की चौपट होती जा रही है। नगर के समाजसेवी नसीरूद्दीन चंदू का कहना है वार्ड क्रमांक 4 मुखर्जी चौक से अस्पताल जाने वाले रास्ते में थोक सब्जी दुकानदारों के द्वारा प्रतिदिन सुबह से सड़क के दोनों और समान लड़े बड़े वाहनों को खड़ा करवाकर सामान खाली करवाया जाता है जबकि यह मुख्य मार्ग है और इसी रास्ते से होकर लोग अस्पताल आना-जाना करते हैं इसी रास्ते से मरीज को भी लाया ले जाता है गंभीर मरीजों को एंबुलेंस के माध्यम से ले जाने का कार्य भी किया जाता है लेकिन स्थितियां है कि घंटों जाम लग जाता है जिसके कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। यातायात विभाग को व्यवस्थित यातायात के लिए आगे आना चाहिए जिससे आप व्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित किया जा सके। वार्ड क्रमांक 10 के पूर्व पार्षद देवशरण सिंह ने नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहां है कि पूर्व में नगर में यातायात पुलिस की पद स्थापना की गई थी लेकिन लंबे अरसे से यहां से यातायात पुलिस की व्यवस्था खत्म कर दी गई जिसके कारण आए दिन नगर के मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है सबसे ज्यादा परेशानी मुखर्जी चौक से अस्पताल जाने वाले रास्ते में होती है जहां मुक्ति धाम के पास थोक सब्जी दुकानदारों के द्वारा सड़क के दोनों और प्रतिदिन सुबह से वाहनों को खड़ा करवरकर समान खाली करवाया जाता है साथ ही दो पहिया वाहन चालकों के द्वारा सड़क पर ही वहां खड़ा कर दिया जाता है जिसके कारण सुबह स्कूल जाने वाली बसों एवं अस्पताल जाने वाले मरीजों को घंटो जाम का सामना करना पड़ता है कभी-कभी तो स्थित यह हो जाती है कि यदि गंभीर मरीज को लेकर एंबुलेंस निकलती है तो उसे भी जाम का सामना करना पड़ता है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा यातायात पुलिस को निर्देश भी दिए गए थे कि सप्ताह में दो दिन कोतमा नगर का भ्रमण करते हुए अब व्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित करवाते हुए कानूनी कार्यवाही की जाए लेकिन वह भी दिखावा साबित हो रहा है।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ अनूपपुर का त्रिवार्षिक निर्वाचन संपन्न



### संजय निगम अध्यक्ष, शीलवंत तिवारी सचिव तो तरुणेन्द्र बने कोषाध्यक्ष

अनूपपुर।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई अनूपपुर का त्रिवार्षिक निर्वाचन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के विवेकानंद हाल में 23 फरवरी को निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार सिंह, पर्यवेक्षक अरुण कुमार मिश्रा की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। उक्त निर्वाचन में नगर इकाई अनूपपुर सहित विकासखंड अनूपपुर, विकासखंड कोतमा, विकासखंड जैतहरी, विकासखंड पुष्पराजगढ़ एवं चारो तहसील इकाई के कुल 99 मतदाता अधिकृत थे। अध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार निगम 47 मत प्राप्त कर निर्वाचित घोषित हुए वही सचिव पद पर शीलवंत तिवारी 39 मत प्राप्त कर निर्वाचित घोषित किए गए। तरुणेन्द्र द्विवेदी 48 मत प्राप्त कर कोषाध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष पद हेतु 6 प्रत्याशी सत्यनारायण मौर्य, दिगंबर सिंह, लाखन सिंह, रामशरण चंद्रवंशी, संतोष कुमार चौबे, श्रीमती ललिता बैगा निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित किए गए। सह सचिव पद हेतु 6 प्रत्याशी उमाकांत तिवारी, हरजीत सिंह, अर्जुन कुमार विश्वकर्मा, अरुण कुमार सिंह, योगेंद्र त्रिपाठी, विकास शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यकारिणी सदस्य हेतु 10 प्रत्याशी श्रीमती बेला सिंह, गीता देवी बैगा, रमाकांत द्विवेदी, प्रणय कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार गुप्ता, लक्ष्मीकांत गौतम, विजय लाल पटेल, सीबी यादव, जीवन लाल जायसवाल, निशांत सिंह, फूल सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार सिंह द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार निगम के द्वारा सभी मतदाताओं, शिक्षक साथियों, संघ के सभी उपस्थित पदाधिकारियों के प्रति शांतिपूर्ण वातावरण, एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सरल सहज रूप मे निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त निर्वाचन के दिन समस्त नगर, विकासखंड, तहसील इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं सहयोगी गण उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराया, कुल 99 मतदाताओं में 92 मतदाता उपस्थित रहकर मतदान प्रक्रिया में भागीदार बने। समस्त प्रक्रिया के संपन्न होने उपरांत संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह द्वारा समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संभाग शहडोल की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं राजू सिंह पिता श्री डीलन सिंह जाति गोंड़ निवासी भमरहा थाना राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर म.प्र. का निवासी हूं मेरी बेटी का नाम अंकसूची में रूपेश्वरी देवी व जन्मतिथि 24/01/2014 है जो सत्य है जबकि आधार कार्ड में गलती से नाम खामेश्वरी देवी व जन्मतिथि 01/01/2012 लिख गया है जो गलत है अतः अंकसूची के आधार से सुधार किया जाये की सूचना प्रकाशित करवा रहा हूँ।